वियतनाम-भारत के बीच हवाई सेवा फिर बहाल, नए रूट भी खोले

...

लोक सभा अध्यक्ष बिरला और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष श्री वुओंग दिन्ह ह्यू ने किया शुभारंभ

...

बढ़ी हुई कनेक्टिविटी दोनों देशों के बीच व्यापार और पर्यटन के अवसर उत्पन्न करेगी

...

हनोई, 20 अप्रैल: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की वियतनाम यात्रा से दोनों देशों के बीच हवाई सेवाओं को नया आयाम मिला हैं। श्री बिरला और वियतनाम की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष महामहिम श्री वुओंग दिन्ह ह्यू ने कोरोना महामारी के कारण दोनों देशों के बीच स्थगित चल रही सीधी हवाई सेवाओं को मंगलवार को न सिर्फ बहाल किया बल्कि नए मार्गों पर हवाई सेवाओं का शुभारंभ भी किया।

कोरोना महामारी से पहले वियतनाम की एयरलाइंस वियतजेट, हनोई और हो ची मिन्ह सिटी से नई दिल्ली के लिए नियमित उड़ानों का संचालन कर रही थी। इसके अलावा बौद्ध आध्यात्मिक केंद्र बोध गया के लिए भी चार्टर उड़ानों का संचालन किया जा रहा था। यद्यपि, महामारी के कारण ये सेवाएं स्थगित थी। श्री बिरला की यात्रा के दौरान मंगलवार को इन उड़ानों को फिर से बहाल किया गया है। हो ची मिन्ह सिटी और हनोई तथा नई दिल्ली के बीच दो मौजूदा सेवाएं 29 अप्रैल और 30 अप्रैल को फिर से शुरू होंगी।

इसके अलावा हनोई-मुंबई, हो ची मिन्ह सिटी-मुंबई और फु-क्वोक के दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप को नई दिल्ली और मुंबई से जोड़ने वाले चार नए मार्ग भी होंगे। वियतजेट एयर 2 जून से एचसीएम सिटी-मुंबई मार्ग पर प्रत्येक सप्ताह चार राउंड-ट्रिप उड़ानें संचालित करेगी और 3 जून से हनोई-मुंबई मार्ग पर तीन साप्ताहिक राउंड-ट्रिप उड़ानें संचालित करेगी। इसी तरह फु क्वोक-मुंबई मार्ग पर प्रत्येक सप्ताह चार राउंड-ट्रिप उड़ानें उपलब्ध होंगी और फु क्वोक-नई दिल्ली मार्ग पर 8 और 9 सितंबर से तीन उड़ानें उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि वियतनाम और भारत के बीच नए और बढ़े हुए संपर्क मार्गों से दोनों देशों के बीच व्यापार और पर्यटन के अवसर उत्पन्न होंगे, जिससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा मिलेगा।

गैलेक्सी डिजिटल और टेक महिंद्रा के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

श्री बिरला और श्री ह्यू की उपस्थिति में वियतनाम की गैलेक्सी डिजिटल होल्डिंग्स, सोविको समूह और भारत के टेक महिंद्रा लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम बनाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत टेक महिंद्र और गैलेक्सी डिजिटल वियतनाम में एक वैश्विक सॉफ्टवेयर विकास केंद्र स्थापित करने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे। इसके अलावा डेटा एक्सचेंज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) सेवाओं के क्षेत्र में नई पहलें की जाएंगी और अनुसंधान और नवाचार केंद्र तथा आईटी प्रशिक्षण केंद्र बनाए जाएंगे।